विषय : महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता

दिनांक : 4/10/21

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज की हिंदी साहित्य सभा 'मंथन' द्वारा अंतर महाविद्यालयीन निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता के विषय महात्मा गांधी और श्रीमद्भगवद्गीता, लाल बहादुर शास्त्री की राजनीतिक यात्रा, लाल बहादुर शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता, आज़ादी का अमृत महोत्सव और महात्मा गांधी आदि रहे| प्रतिभागियों ने अपने निबंध 2 अक्टूबर दोपहर 12:00 बजे तक 'मंथन' की मेल आईडी पर भेजें।

वाद-विवाद प्रतियोगिता 4 अक्टूबर, 2021 को गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय रहा - **"असली भारत गांव में बसता है"**

विभाग प्रभारी डॉ. अंजु ने कार्यक्रम संचालन की अनुमति देते हुए शुभकामनाएं दी। डॉ. शैलजा द्वारा 'मंथन' की गतिविधियों से परिचित कराते हुए निर्णायक मंडल का स्वागत किया गया | निर्णायक मंडल में प्रो. आर. के. शर्मा (इतिहास विभाग) और डॉ. मनीष ओझा (हिन्दी विभाग) थे। मंच का संचालन भावना अवस्थी और रजनी झा ने किया। दिशा-निर्देश से अवगत कराते हुए प्रतियोगिता का आरंभ स्लॉट संख्या के आधार पर किया गया। प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। उसके पश्चात बाद हिंदी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों द्वारा महात्मा गांधी और शास्त्री जी पर बनाई डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई | इसके बाद डॉ. अमरजीत कौर और डॉ. रेणु दुग्गल द्वारा भी वाद-विवाद विषय पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया | अंत में निर्णायक प्रो. आर.के. शर्मा ने प्रतिभागियों को उनकी खामियों से अवगत कराते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी और प्रतिभागियों के विचारों का मूल्यांकन करते हुए विजेताओं का चयन किया जिनमें :

प्रथम स्थान- ईशा अग्रवाल, गार्गी महाविद्यालय, **द्वितीय स्थान**- यशस्विनी त्रिवेदी, आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय, **तृतीय स्थान**- यशिका, आई आईटी बी एचयू रहे । तत्पश्चात भावना अवस्थी द्वारा औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया |

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के सदस्यों का अहम् योगदान रहा।